भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अंतारांकित प्रश्न सं. 546**

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

**'राजमार्ग यात्रा' और 'एनएचएआई वन' पहल**

546. श्री हमदुल्ला सईद :

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने नागरिकों के अनुभव में वृद्धि करने और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निष्पादन में सुधार करने के लिए 'राजमार्ग यात्रा' और 'एनएचएआई वन' शुरू किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इन पहलों की मुख्य विशेषताएं और कार्य क्या-क्या हैं और किस प्रकार से ये नागरिकों की शिकायतों का समाधान करती हैं और राजमार्ग परियोजना प्रबंधन में स्थल पर आवश्यकताओं को पूरा करती हैं; और

(ग) अब तक प्राप्त फीडबैक का ब्यौरा क्या है और कार्यान्वयन के दौरान पहचान की गई चुनौतियों का समाधान करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी हां। 'राजमार्गयात्रा' मोबाइल ऐप एक नागरिक-केंद्रित मोबाइल ऐप है, जिसे राजमार्गों पर नागरिकों के सुगम और बेहतर अनुभव के लिए विकसित किया गया है, जिसे सूचना अद्यतन करने और शिकायत निवारण की निगरानी के लिए एक वेब-आधारित एप्लिकेशन के साथ एकीकृत किया गया है। 'एनएचएआई वन' ऐप राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर नज़र रखता है, कुशल प्रबंधन और समय पर निष्पादन सुनिश्चित करता है। दोनों ऐप प्रयोक्ता की अलग-अलग ज़रूरतों को पूरा करते हैं, 'राजमार्गयात्रा' यात्री अनुभव को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है और 'एनएचएआई वन' राजमार्ग परियोजनाओं के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करता है, जिससे समग्र दक्षता में सुधार होता है और नागरिक शिकायतों और ऑनसाइट परियोजना आवश्यकताओं दोनों का समाधान करता है।

(ख) 'राजमार्गयात्रा' ऐप राजमार्ग, टोल प्लाजा, आस-पास की सुविधाओं जैसे पेट्रोल पंप, अस्पताल, चार्जिंग स्टेशन, मौसम अपडेट आदि के बारे में जानकारी प्रदान करता है। यह नागरिकों को सूचित निर्णय लेने और अपनी यात्रा की प्रभावी योजना बनाने में सक्षम बनाता है। ऐप को निर्बाध टोल भुगतान के लिए फॉस्ट टैग सेवाओं के साथ एकीकृत किया गया है और व्यापक पहुंच के लिए बहुभाषी समर्थन

प्रदान करता है। सुरक्षित ड्राइविंग आदतों को बढ़ावा देने के लिए, ऐप गति सीमा अलर्ट और वॉयस सहायता बढ़ाने की कार्यक्षमता प्रदान करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म नागरिकों को राजमार्ग या टोल प्लाजा संचालन, गड्ढों और रखरखाव, अनधिकृत कब्जे, सुरक्षा खतरों आदि के लिए जियो-टैग चित्रण या वीडियो साक्ष्य के साथ आसानी से समस्याओं की रिपोर्ट करने और उनकी शिकायतों की स्थिति को ट्रैक करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे राजमार्ग से संबंधित मुद्दों से निपटने में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है।

''एनएचएआई वन' मोबाइल ऐप एनएचएआई के पांच प्रमुख आंतरिक परिचालनों अर्थात फील्ड स्टाफ उपस्थिति, राजमार्ग रखरखाव, सड़क सुरक्षा संपरीक्षा, शौचालय रखरखाव और निरीक्षण के लिए अनुरोध (आरएफआई) के माध्यम से दैनिक निर्माण ऑडिट का एक समामेलन है। एनएचएआई वन ऐप का इस्तेमाल अंतिम छोर के आंतरिक हितधारकों जैसे आरओ/पीडी, रियायतकर्ता/संविदाकारों, एई/आईई, सड़क सुरक्षा लेखा परीक्षक और टोल प्लाजा पर शौचालय पर्यवेक्षकों द्वारा किया जाता है। एनएचएआई वन ऐप हितधारकों द्वारा सीधे साइट पर राजमार्ग परियोजना प्रबंधन में सुविधा प्रदान करता है। दोनों ऐपों से रिकॉर्ड किया गया सारा डेटा जियो-टैग्ड और टाइम-स्टैम्प्ड होता है।

दोनों ऐप राजमार्ग यात्रियों की सुविधा में सुधार लाने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के कार्य निष्पादन और निगरानी में परिचालन क्षमता में सुधार लाने में मदद करते हैं।

(ग) राजमार्गयात्रा ऐप को 12,000+ समीक्षाओं के आधार पर 4.4-स्टार रेटिंग मिली है, गूगल प्ले स्टोर पर इसके 3,48,632 डाउनलोड हैं और ऐप्पल स्टोर पर इसके 74,471 डाउनलोड हैं। एनएचएआई वन ऐप के लिए आंतरिक हितधारकों की प्रतिक्रिया आम तौर पर सकारात्मक है।

कुछ प्रयोक्ताओं ने ऐप क्रैश होने और लाइव डेटा अपडेट करने में देरी जैसी तकनीकी समस्याओं की शिकायत की है। इन समस्याओं को समय-समय पर संबंधित विकास टीमों द्वारा नियमित अपडेट और सिस्टम ऑप्टिमाइज़ेशन के माध्यम से दूर किया जाता है।

दोनों ऐपों को प्रयोक्ता फीडबैक के आधार पर लगातार बेहतर बनाया जा रहा है, साथ ही नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार के लिए नई सुविधाएँ जोड़ी जा रही हैं।

*****